प्रादेशिक समाचार
04.12.2024 (दोपहर—1455 बजे)

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन वाली इस सरकार में 11 मंत्रियों को शामिल किए जाने की संभावना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से चार और राष्ट्रीय जनता दल से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर राज्यपाल द्वारा प्रोटेम स्पीकर के रुप में स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कैबिनेट में झारखंड के सभी क्षेत्रों का नेतृत्व शामिल होगा।

****************

रामगढ़ जिले के पंजाब रेजीमेंट सेंटर स्थित किलाहारी ड्रिल स्क्वायर में आज अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड संपन्न हुई। इस पासिंग आउट परेड में 438 अग्निवीरों ने हिस्सा लिया और देश सेवा की शपथ ली। इस दौरान जवानों ने साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता की भावना की झलक पेश की। पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल ने परेड का निरीक्षण किया और 31 हफ्ते के ट्रेनिंग के क्रम में अव्वल आने वाले अग्नि वीरों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री कण्डपाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि ये जवान हर चुनौती से निपटने में सफल होंगे।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित एमपी—एमएलए की विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। दरअसल, इडी के समन की अवहेलना मामले में श्री सोरेन की व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर याचिका एमपी—एमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दी थी और उन्हें आज कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया था। इसी आदेश को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

****************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज लोकसभा में रांची से बरकाकाना के रास्ते दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन फिर से शुरु करने की मांग की। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी स्टेशनों को अमृत योजना से जोड़ने का आग्रह भी रेलमंत्री से किया।

****************

प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि झारखंड में रेलवे के पुनरुद्धार के लिए केन्द्र सरकार प्रयासरत है।

****************

गढ़वा जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है।

****************

मौसम विभाग ने आज से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती तूफान फेंजल का असर झारखंड में समाप्त हो चुका है और अब तापमान तेजी से गिरावट दर्ज की जायेगी।

**********समाप्त*************